राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बिखरी सतरंगी छटा

सर पदमपद सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के वार्षिकोत्सव पदमांजलि में नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

कानपुर। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में 'पद्मांजलि-कानपुर : एक खोज' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। इस मौके पर मेधावियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की गयी। साथ ही पुस्तक का विमोचन किया गया। सर पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर कमला नगर का 40वां वार्षिकोत्सव 'पद्मांजलि-कानपुर : एक खोज' का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण विभाग और अल्पसंख्यक कल्याण व मुस्लिम वक्फ विभाग मोनिका एस गर्ग ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्कूल प्रीफेक्ट वैभव मिश्र ने मुख्य अतिथि व अन्य का स्वागत किया। विद्यालय के विद्यार्थियों रुद्राक्ष सिंह, अविका सिंह, वैभवी सिंह ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यालय की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि जी सिंहानिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके बाद कानपुर-एक खोज पुस्तक का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि ने एआईएसएससीई/एआईएसएसई-2023 साइंस, कॉमर्स व ह्यूमैनिटीज के स्ट्रीम के शीर्ष पांच विद्यार्थियों को श्री गोविंद हरि सिंहानिया स्कॉलरशिप अवार्ड के तहत 4,50,000 रुपये छात्रवृत्ति प्रदान की। इसके साथ ही अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल छात्रों को पुरस्कृत किया। विद्यालय के पूर्व चेयरमैन श्री गोविंद हरि जी सिंहानिया को श्रद्धांजलि दी गयी। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण की वंदना के साथ हुआ। 1857 क्रांति की ज्वाला लघु नाटिका का मंचन किया गया। ब्रह्मावर्त कथा का सुंदर वर्णन किया गया। पंचम संगीत द्वारा प्रस्तुति पर सभी झूमने पर विवश हो गये। कार्यक्रम का संचालन तन्मय शुक्ला, यशी पांडेय, अर्जुन राजावत, दृष्टि राजपूत ने किया। कार्यक्रम में करीब 1100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंत में विद्यालय की वार्षिक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना गुप्ता मौजूद रहीं।